मुख्यमंत्री मितान योजना का मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने किया शुभारंभ, भिलाई निगम में शुरू हुई मितान योजना

भिलाई नगर/ मुख्यमंत्री मितान योजना का आज माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी ने वर्चुअल शुभारंभ किया और इसी के साथ ही आज से यह योजना प्रारंभ हो गई है। योजना के तहत नागरिकों को उनके घर पर मितान के माध्यम से निर्धारित समय सीमा में पूर्ण पारदर्शिता के साथ सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री मितान योजना की शुरुआत की गई है। अब शहर के नागरिक टोल फ्री नंबर 14545 एवं पोर्टल http://cgmitaan.in का उपयोग कर शासकीय सेवाओं से संबंधित प्रक्रिया तथा आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी प्राप्त कर घर पहुंच सेवा का लाभ उठा सकेंगे। इस योजना से शासकीय सेवाओं का सहज ही लाभ आम नागरिक अपने निवास पर मितान के माध्यम से प्राप्त कर सकेंगे। कॉल सेंटर/टोल फ्री एवं पोर्टल का उपयोग कर जरूरी सेवा जैसे जन्म प्रमाण पत्र , मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र सुधार, मृत्यु प्रमाण पत्र सुधार , विवाह प्रमाण पत्र सुधार , दुकान एवं स्थापना पंजीयन/गुमास्ता लाइसेंस , मूल निवासी प्रमाण पत्र , अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जन जाति प्रमाण पत्र , पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र , आय प्रमाण पत्र, नकल भूमि दस्तावेज व भूमि जानकारी जैसे सेवा घर बैठे ही प्राप्त कर सकेंगे। इस योजना से शासकीय कार्यालयों में दबाव कम होगा तथा नागरिकों को निर्धारित समय में सेवाओं का लाभ प्राप्त होगा , समय की भी बचत होगी , आने जाने वाले खर्चों से भी मुक्ति मिलेगी , अनावश्यक दफ्तरों के चक्कर काटने से निजात मिलेगा। शासकीय कर्मचारियों तथा प्राइवेट कर्मचारियों को भी अपने कार्य आदि से अवकाश लेने की आवश्यकता नहीं होगी वह इस माध्यम से योजना का लाभ ले सकेंगे। दिव्यांग या कार्यालय आने में अक्षम व्यक्तियों के लिए भी यह योजना बेहद लाभकारी है। पोर्टल एवं कॉल सेंटर पर संपर्क करने पर दस्तावेज की विभागीय प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत मितान नागरिक को उनके घर पर प्रमाण पत्र देने जाएंगे। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के कोई भी निवासी मुख्यमंत्री मितान योजना अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सेवा का लाभ उठा सकते हैं। भिलाई निगम में प्रारंभिक तौर पर तीन मितान का चयन इस योजना से लाभ दिलाने के लिए किया गया है। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि इस योजना से नागरिकों को सहूलियत मिलेगी। महापौर नीरज पाल ने कहा कि इस योजना से अनावश्यक दफ्तरों के चक्कर काटने से निजात मिलेगा साथ ही नागरिकों को घर पर ही सेवा का लाभ प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री मितान योजना के शुभारंभ के अवसर पर वर्चुअल मौजूद महापौर नीरज पाल , निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे, भिलाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, सभापति गिरवर बंटी साहू, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, विधायक प्रतिनिधि एवं एमआईसी मेंबर एकांश बंछोर , एमआईसी मेंबर सीजू एंथोनी, लक्ष्मीपति राजू, चंद्रशेखर गवई, लाल चंद वर्मा, मन्नान गफ्फार खान, जोन अध्यक्ष जालंधर सिंह एवं राजेश चौधरी , स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा , सहायक अभियंता तपन अग्रवाल , डाटा सेंटर से दीप्ति साहू एवं अशोक कश्यप आदि मौजूद रहे।